CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJ User: cci Time: 03-26-2026 21:14 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 27 मार्च 2026 > चैत्र 6, शक संवत 1948, चैत्र शुक्ल नवमी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 72 > पेज 20* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स



**SC बोला- हर हाल में छिपाएं रेप पीड़िता की पहचान**

▶ देखें अंदर



**ऊर्जा मसले पर आज मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे PM**

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ARIHANT GROUP™
BOND OF QUALITY & COMMITMENT

Arihant Seasons
RERA No. UPRERAPRJ974543/02/2026 | www.up-rera.in/viewprojects
HDFC BANK LTD.
Account No. - 99992804202527 | IFSC Code: HDFC0000088
Branch: Ansal Arcade, Sec. 18, NOIDA
Launch Date: 24-02-2026

ALL SEASONS.
ONE ADDRESS.

SECTOR 22D
YAMUNA EXPRESSWAY

3 & 4 BED RESIDENCES
REVEALING SOON

www.arihantbuildcon.com
99999 00380

Member Of:
CREDAI
NATIONAL CAPITAL REGION (WESTERN UP)


# SC बोला, गवाही में थोड़ा अंतर आम है

**कोर्ट ने कहा, विरोधाभास वही अहम है, जो मूल तथ्यों को प्रभावित करे** | **नाबालिग से रेप के मामले में बरी आरोपी को सरेंडर करने का निर्देश**

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िता की पहचान उजागर करने पर चिंता जताई और नाबालिग के रेप मामले में बरी किए जाने का हाई कोर्ट का फैसला पलट दिया। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि गवाहों के बयानों में छोटी-मोटी विसंगतियां होने के आधार पर पूरे अभियोजन पक्ष के मामले को खारिज नहीं किया जा सकता, जब तक कि मामले का मूल बरकरार है।

कोर्ट ने कहा कि मानव स्मृति, समझ और बयान में त्रुटियां स्वाभाविक हैं, इसलिए गवाहों के बयानों में मामूली अंतर होना सामान्य बात है। केवल वही विरोधाभास महत्वपूर्ण होते हैं जो मामले के मूल तथ्यों को प्रभावित करते हैं और संदेह पैदा करते हैं। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता सुबह करीब 7:30 बजे अपनी मां के कहने पर रिश्तेदार के घर से 'लस्सी' लाने के लिए निकली थी।



## ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी 10 साल की सजा

ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने यह कहते हुए आरोपी को बरी कर दिया कि पीड़िता का दो घंटे में 16 किलोमीटर की यात्रा करना असंभव प्रतीत होता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि भले ही समय-सीमा पर संदेह हो, लेकिन घटना पर कोई असर नहीं पड़ता।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

## सबूतों का मूल्यांकन होगा मजबूत

यह मामला हिमाचल प्रदेश राज्य बनाम हुकुम चंद उर्फ मोनू के नाम से आया। पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कानून के बावजूद ऐसा हो रहा है और हाई कोर्ट को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि ऐसा न हो। यह फैसला पीड़िता की पहचान की सुरक्षा और आपराधिक मामलों में सबूतों के मूल्यांकन के सिद्धांतों को मजबूत करता है।

# लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में फिर समस्या

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** एयर इंडिया के एयरबस A 350-900 एयरक्राफ्ट में गुरुवार को फिर समस्या आई। 15 मार्च को भी इस विमान में न्यू यॉर्क से दिल्ली आते समय तकनीकी दिक्कत रिपोर्ट की गई थी। इस बार समस्या एयरक्राफ्ट के केबिन में तेज वाइब्रेशन (कंपन) के रूप में रेकॉर्ड की गई। दिक्कत का पता दिल्ली से उड़ान भरने के बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में चला था। करीब 7 घंटे की उड़ान के बाद प्लेन ने वापस दिल्ली लैंड किया। फ्लाइट में करीब 300 यात्री सवार थे।

एयरबस A-350 के केबिन में हुआ तेज वाइब्रेशन

# नीरव को लंदन कोर्ट से राहत नहीं

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** लंदन हाई कोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी **नीरव मोदी** की प्रत्यर्पण के खिलाफ मामले को दोबारा खोलने की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने यह फैसला भारत सरकार की ओर से दिए गए मजबूत और स्पष्ट आश्वासनों के आधार पर लिया। नीरव मोदी ने यह याचिका संजय भंडारी केस के फैसले का हवाला देते हुए दायर की थी।



**ड्रोन पर सेंधमारी या डेटा चोरी जैसे खतरे से निपटने की तैयारी**

# ड्रोन टेस्टिंग के लिए सिक्योरिटी चेकलिस्ट बनी

Poonam.Pandey
@timesofindia.com



AI image

■ **नई दिल्ली:** युद्ध और मिलिट्री ऑपरेशंस में जिस तरह ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा है उसी तरह ड्रोन पर भी खतरा बढ़ा है। ड्रोन पर सेंधमारी, डेटा चोरी या हैकिंग का खतरा बन रहा है। इसलिए अब रक्षा मंत्रालय ने ड्रोन की सुरक्षा जांच के लिए एक विस्तृत फ्रेमवर्क ड्राफ्ट तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि अगर ड्रोन सुरक्षित नहीं हैं तो ये दुश्मन के हाथों में जाकर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।


इस फ्रेमवर्क ड्राफ्ट के तहत अब ड्रोन खरीद से पहले सख्त जांच जरूरी होगी। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों की टेस्टिंग शामिल है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि वल्नरेबिलिटी और पेनिट्रेशन टेस्ट, एन्क्रिप्शन और सिक्योर बूट की जांच, कोड सिग्नेचर और फर्मवेयर वैलिडेशन, इन सब टेस्ट में पास होने के बाद ही किसी भी ड्रोन को खरीद की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

सभी टेस्ट पास होने पर ही ड्रोन को खरीद प्रक्रिया में रखेंगे

ड्राफ्ट के मुताबिक, ड्रोन को कई तरीकों से निशाना बनाया जा सकता है। दुश्मन ड्रोन और कंट्रोल स्टेशन के बीच कम्युनिकेशन को इंटरसेप्ट कर सकता है, फर्जी कमांड भेज सकता है या पूरा कंट्रोल अपने हाथ में ले सकता है। GPS जामिंग और स्पूफिंग के जरिए ड्रोन को रास्ता भटकाना भी संभव है। इसके अलावा ड्रोन से जुटाए गए डेटा को चुराना या उसमें बदलाव करना भी बड़ा खतरा है। फ्रेमवर्क में कहा गया है कि फ्लाइट कंट्रोलर, फर्मवेयर, GPS/INS सिस्टम, सेंसर, ट्रांसमिशन-रिसेप्शन यूनिट, ग्राउंड कंट्रोल सॉफ्टवेयर सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं।

## स्वदेशी इंडस्ट्री को बताएंगे, क्या है जरूरत

इंडियन आर्मी स्वदेशी इंडस्ट्री को बताएगी कि उन्हें किस तरह के हथियार और इक्विपमेंट्स की जरूरत है। ताकि स्वदेशी इंडस्ट्री उसी दिशा में काम करे और आर्मी की जरूरत घरेलू इंडस्ट्री से ही पूरी हो जाए। रूस-यूक्रेन वॉर, इजरायल - हमास सहित मौजूदा पश्चिम एशिया की जंग को देखते हुए आर्मी ने अपनी विश-लिस्ट बनाई है। अगले महीने प्रयागराज में नॉर्थ टेक सेमिनार में आर्मी इंडस्ट्री को अपनी जरूरतें बताएगी और इंडस्ट्री के पास आर्मी को ऑफर करने के लिए क्या है यह भी देखेगी। 4 से 6 मई तक प्रयागराज में नॉर्थ टेक सेमिनार होगा।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 03-26-2026 19:54 Color:




5 CLUBHOUSES • 1 ADDRESS

*Infinite*
INDULGENCES

SECTOR 22D, YAMUNA EXPRESSWAY

REVEALING SOON

EXPRESS YOUR INTEREST BY PAYING ₹10 LAKH*
& GET PRE-LAUNCH BENEFITS UP TO ₹41.86 LAKH*

*T&C APPLY

SCAN TO EXPERIENCE A LUXURY RESORT LIFE

www.arihantbuildcon.com

Arihant Seasons - RERA No. UPRERAPRJ974543/02/2026 | www.up-rera.in/viewprojects

Disclaimer: Visuals and information are indicative and for representational purposes only. All details are subject to statutory approvals and final agreements.

99999 00380

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 03-26-2026 19:53 Color:





" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। "

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

**भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

## क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?


कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

### इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

"पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है।"

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

**टोल-फ्री नंबर**

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in